द संस्कार वैली स्कूल के स्टूडेंट्स ने हिंदी को बचाने का लिया संकल्प

सिटी रिपोर्टर • द संस्कार वैली स्कूल (TSVS) के स्टूडेंट्स ने हिंदी सप्ताह मनाया। यहां साहित्यकारों की कृतियों के पाठ के साथ कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। हिंदी के सहज और सरल रूप को प्रयोग में लाने के लिए स्टूडेंट्स ने रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। स्टूडेंट्स ने कवि राम नरेश त्रिपाठी, सोहन लाल द्विवेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान, भवानी प्रसाद मिश्र, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कविताओं का पाठ किया। उन्होंने हिंदी साहित्य के कालों पर

आधारित कविताओं में 'आदि युग' से 'आधुनिक युग' तक के प्रमुख कवियों की कविताओं का पाठ किया। इस मौके पर सभी स्टूडेंट्स ने हिंदी के उपयोग और इस भाषा के संरक्षण की शपथ ली।